[Shri Shridhar Wasudeo Dhabe] importance of immediate relief to the- person wtio is aggrieved. As the National Labour Commission has said in 1969 the law was made, recommendations were made, and only three States have such a provision under thg law that the individual workers can go to the court.

I appeal to this House that this amending Bill may be accepted.

The question was proposed.

ANNOUNCEMENT RE. GOVERNMENT BUSINESS FOR THE WEEK COMMENCING 30TH APRIL, 1984

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI KALP NATH RAI): With your permission to announce that the Government business in this House during the week commencing 30th April, 1984 will consist of:—

1. Consideration and passing of the following Bills as passed by the Lok Sabha:

(a) The Payment of Gratuity (Amendment) Bill, 1984.

(b) The Payment of Gratuity (Second Amendment) Bill, 1984.

2. Discussion on the Resolution seeking disapproval of the National Security (Amendment) Ordinance, 1984 and consideration and passing of the National Security (Amendment) Bill, 1984, as passed by the Lok Sabha.

3. Consideration and return of the Finance Bill, 1984 ag passed by tie

The Working Journalists and other Newspaper Employees (Conditions of Service) and Miscellaneous Provisions (Amendment) Bill, 1980—contd.

श्री सैयद सिब्ते रजी (उत्तर प्रदेश) : माननीय वाइस चेयरमैन साहब, सब से पहले तो मैं यह कहना चाहूंगा कि मैं उन लोगों में हूं जो इस बात में विश्वास रखते हैं कि हमारे देश के जरनलिजम में काम करने वालों को पूरी सहूलियत मिलनी चाहिए और साथ ही साथ इस पेशे की जो अपनी मान्यतायें हैं, जो उस के अपने अकदार हैं उन को ज्यादा मजबूत बनाने चाहिए। धाबे जी ने अभी जो यहां पर बिल रखा है, लगभग दो साल पहले 1981 में हमारी सरकार ने, हमारी पार्टी की सरकार ने उन तमाम बातों पर विचार करते हुए जो पालेकर एवार्ड हमारे सामने आया था और जो और दिक्कतें वर्किंग जरनलिस्टस के पेशे में थी और दूसरे जो इस में काम करने वाले लोग थे उन सब पर विचार कर के एक आर्डिनेंस के जरिये उन सहूलियतों को पहले प्रोवाइड किया था और उस के बाद उन का एक ऐक्ट बना जिसके ऊपर काफी चर्चा इस सदन में और दूसरे सदन में भी हुई थी। आज हमें खास तौर पर यह देखना होगा कि क्या जिस तरह का प्राविधान और जिस तरह का संशोधन अभी धाबे जी ने रखा है उससे कोई खास मकसद हासिल होगा या नहीं। मैं समझता हूं लेबर कोर्ट के जरिये, सरकार के माध्यम से लेबर

किया जाता है या एजुडिकेशन के लिये जो मामले भेजे जाते हैं वह काफी मुनासिब तरीका है क्योंकि काफी वकफा मिलता है इम्प्लायर और इम्प्लाई को आपस में बात चीत करने का और एक समझौते तक पहुंचने का । आज जहां हमारे धाबे जी ने लिटिगेशन की बात कही, अदालतों को अगर देखा जाय तो हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट और नीचे की जो हमारी अदालतें हैं, विशेषत: हाई कोर्ट में तो बहुत लम्बी तादाद में ऐसे मुकदमे पड़े हुए है जिन में कोई फैसला नहीं हो सका है और कुछ मुकदमे तो इतने दिनों से पड़े हुए हैं कि जिन की मियाद 8 और 10 साल तक जाती है । ऐसी सूरत में ऐसे तनाजात जो हैं उन के सिलसिले में डाइरेक्ट कोर्ट में जाने से मैं समझता हूं कि ज्यादा देर हो जाने का भय है और इस लिये मैं समझता हूं कि जिस तरह का अमेंडमेंट आप यहां रख रहे हैं उस से कोई बहुत ज्यादा फायदा जो इस पेशे में हमारे जरनलिस्ट हैं उन को नहीं पहुंचेगा । हमने 1981 के ऐक्ट ; खासकर सस्पेंशन, रेक्रूटमेंट, छंटनी और दूसरी तरह तरह की ज्यादतियां जैसे हमारे पार्ट-टाइम जरनलिस्टों के साथ होती थीं, उनको रोका गया, उनको एक हैसियत दी गई है । उनको बराबर के अख्तियारात अब मिले हुए हैं बाकी लोगों को जैसे मिले हुए हैं। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि पालेकर अवार्ड के आने के बाद उसको अमल में लाने की क्या सूरतेहाल है । पालेकर अवार्ड के आने से बड़े अखबारों के मालिकान ने वर्किंग जरनलिस्ट्स के खिलाफ ऐसे अनेक ऐक्-दामाद किए थे और करीब ढाई हाजार के लगभग लोग रिट्रेंच कर दिए गए थे पालेकर अवार्ड बनने के बाद उनकी क्या स्थिति है ? कितने लोगों को अब उनके कामों पर वापस लिया गया है। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि हमारे जो कारसपोंडेंट और स्पेशल कारस्पोंडेंट हैं, रिपोर्टर हैं, आज जो हमारी स्थिति है, उसके अन्दर उनकी जिन्दगी को कभी कभी बहुत खतरों का सामना करना पड़ता है। अभी अभी हाल ही में कई वाकायात ऐसे हुए हैं कि जो समाज के अच्छे लोग नहीं हैं, उनके खिलाफ जब भी कोई चीज वह निकालकर लाते हैं और लिखने की कोशिश करते या लिखते हैं तो उन्हें दंड की सूरत में जिन्दगी से भी हाथ धोने पड़ते हैं, उनकी जिन्दगी तक ले ली जाती है और उनको इस तरह की धम-कियां दी जाती रहती हैं। ऐसी सूरत में वह बड़े मालिकान जो बड़े बड़े हाउसेज को चलाते हैं, उन पर कोई आंच नहीं आती है और ज्यादातर रिपोर्टर्स और स्पैशल कारसपोंडेंट्स को इन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मैं चाहूंगा कि कोई ऐसी व्यवस्था बननी चाहिए जिससे कि उनकी जिन्दगी और उनके परिवार के लोगों को सेफ्टी, उनकी सुरक्षा की किसी न किसी तरह से गारन्टी की जानी चाहिए और ऐसी अवस्था में जब भी कभी उनके साथ किसी किस्म की ज्यादती हो जाए तो उनको सुरक्षा के लिये लेबर लाज में इस तरह का प्रावधान किया

[श्री सैयद सिब्ते रजी]

जाए और उनको कंपेंशेसन या फैमिली पेंशन दी जाए तो उचित होगा। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि हमारे देश के जर्नलिस्ट देश के दिमाग को बनाते हैं, हमारा जर्नलिस्ट देश को सही दिशा दे सकता है, वह देश को वह दिशा भी दे सकते हैं जो सेहतमंद देश को बना सकें। वह ऐसी दिशा भी समाज को दे सकते हैं जिससे समाज में देशभक्ति और शान्ति बढ़ सकती है। लेकिन आज तमाम अखबार उन जिम्मेदारियों को पूरी तरह से नहीं निभा रहे हैं जो कि आज़ाद हिन्दुस्तान में उनको निभानी चाहिएं। मैं पूरी तरह से इस पक्ष में हूं कि जर्नलिज्म को इंडिपेंडेंट होना चाहिए, लेकिन उस इंडिपेंडेंस को कहां तक ज्यादा दिनों तक बर्दाश्त किया जाएगा जिससे देश आगे न बढ़े? बड़े बड़े मालिकान के जो निहित स्वार्थ हैं, उनकी सलाह से उन्हें काम करना पड़ता है। हमारे जो वर्किंग जर्नलिस्ट है उनकी मंशा पर मेरा आक्षेप करने का इरादा नहीं है क्योंकि वह मजबूर हैं। जिन्दगी में पेट पालने के बहुत बड़े सवालात हमारे सामने हैं और जब वे किसी बात को समझते हैं कि वह समाज के खिलाफ होगी यदि उसको कहीं लिखना पड़ता है तो उन्हें जिन्दगी में कई तरह की मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। ऐसा ही अभी एक फिल्म "मशाल" में चित्रण किया गया है, ट्रू करेक्टराइजेशन किया है अच्छे और इंडिपेंडेंट जर्नलिस्टस का : उसमें हीरो ने, जिसने अपनी मान्यताओं को एक तरह से जब कलम से लिखना चाहा तो उसको रोक दिया गया और रोकने के साथ साथ उसकी जिन्दगी में अनेक बाधायें और कठिनाइयां पैदा की गई।

आज यह भी होता है कि बड़े घराने के जो लोग अखबार चलाते हैं वह कारसपोंडेंट्स और रिप्रज्न्टेटिव्ज को भी परेशान करते हैं, इधर उधर ट्रांसफर करके भी सबके लिए परेशानियां पैदा करते हैं। मान्यवर, ज्यादा समय नहीं लेना चाहूंगा कि आज हमारे हिन्दी अखबारों को जो न्यूज़ एजेंसी हैं उनके ऊपर भी बहुत ज्यादा आपत्तियां हैं। अभी-अभी आप जानते हैं कि हमारी जो "समाचार भारती" समाचार एजेंसी है किस तरह से उसके अंदर हमारे वर्किंग जर्नलिस्ट्स के खिलाफ तमाशा किया गया। उनको कितने-कितने दिनों तक तनख्वाह नहीं मिली और इस मामले में इस सदन में भी सवालात उठे थे। ऐसी स्थिति में जहां कि हम हिन्दी अखबारों के जरिए ज्यादातर लोगों के पास पहुंच रहे हैं वहां ऐसी एजेन्सीज की और ऐसे काम करने वाले केन्द्रों को बहुत ज्यादा महत्ता है इसलिए इस ओर भी हमें विशेष ध्यान देना चाहिए।

आखिर में मैं यह कहना चाहूंगा कि आज के लोगों का जो विश्वास है वह हमारे जरनलिस्टों के पेशे में और ज्यादा बढ़ना चाहिए। लेकिन वह विश्वास उसी वक्त बढ़ सकेगा जब हमारे काम करने के लिये कानून में जो प्रावधान किया गया है उनका कार्यान्वियन पूर्ण रूप से होगा तभी उनका काम करने में मन लगेगा और सुरक्षा की भावना से जो वह सोचते हैं उसे वह लिख सकेंगे और अपने आगे वाले भविष्य के लिये चिंतित नहीं होंगे। इन शब्दों के साथ मैं धाबे साहब से अनुरोध करूंगा कि इस समय जो हमारा एक्ट है, 1981 में जो एमेंड हुआ था, वह हमारी सारी जरूरतों को जो उनके प्रस्ताव से संबंधित है, पूरा करता है। इसलिये वह अपना बिल वापस ले लें।

{Shri K. Mohanan (Kerala): Mr. Vice-Chairman SIR I have been in the journalist's profession for nearly 18 years. I am happy to congratulate my esteemed

colleague who introduced such a Bill belore the House to find out some kind of J ol lition to the problem faced by the entire Journalist community of this country. I do agree that the working conditions of working Journalists in this country are much improved when compared to the state of affairs a quarter of a century back. But i_t was not with the mercy of anybody in this country but because of the organised and incessant fight waged by the working Journalists in this country that there has been this improvement in their working conditions. .Many veteran leaders of this movement were victims in the struggle and many of them dedicated their lives to th_e cause of the Journalist community of this country. Even now, victimisation is the rule of law prevailing in this industry throughout the country. Right in the capital of India office-bearers of leading Unions including several Journalists were either suspended or dismissed or otherwise victimised for demanding a better deal to the workers. For example, the "National Hearld" which has not only not paid minimum bonus but also have swallowed up the provident fund of the workers. There are reports of even delaying the cases of the workers. The linkage they have given is that their newspaper establishments cannot be treated as $charitabl_e$ institutions. Last year more than 80 workers including leading union leaders were suspended from the various newspapers in Delhi. Sir. in the 'Times of India", Delhi, which is leading establishment in the newspaper industry, the Palekar Award has not yet been properly implemented, despite booming profits. Some journalists are getting a category less than their colleagues. Even bonus is denied to them. Some of them have to work as bonded journalists, having to sign bonds. And this quantum has also been raised. Arbitrary standing orders are being foisted hy some companies, including the '^Hindustan Times", seeking to include a search clause for journalists. Two principal news agencies. Hindustan Samachar and $Samachar\ Bhar_r$ nti, are now collapsing. In the Hindustan Samachar, journalists and non-journalists are working without wages for so manv months.

BE: More than a year.

SHRI K. MOHANAN: Yes, more than a year. Sir, this is the general condition of the newspaper industry and this is the general way in which the management deal with the problems of working journalists and non-journalists in this industry. It is not that there is no money. Why am I saying that? Many of the newspaper establishments in this country are for complete automation. They have bought machines worth crores of rupees and yet are cutting down the journalist and non-journalist staff. There arc genuine fears that in the next decade, half the staff in our newspaper industry would be put on the roads. Already, new recruits, other than managers, in most of the newspapers have been cut down, and new recruits even against existing vacancies are not being taken. Sir, I would like to know what the Governmeat has to gain by having an army of unemployed newsmen in this country to please the barons of the newspapers industry. Already the casual labour and trainees for a_n indefinite period are o,n the increase in many of the newspaper establishments.

Sir, I am fitly aware of the situation faced by small nnd medium newspapers in this country. It is due to the wrong policies adopted by the Government in the matter ol newsprint allocation and advertisements. The STC and the Govern-mem-owned newsprint factories are charging exorbitant prices for newsprint. And supplementing that, our han. Finance Minister decided to cut 20 per cent on advertisements. In this context. I appeal to the Finance Minister to withdraw the 20 per cent cut on advertisements at least i,n the case of small and medium newspapers. Otherwise, these newspapers which are facing a very serious situation, will not be able even to implement the Palekar Award.

Now, r would like to point out the plight of the part-time correspondents and the non-journalists in this industry. You are aware of the fact that the Government, in order to study the working conditions of the journalists and to make arrangements for better conditions for them, appointed a tribunal under the chairmanship of G.D. Palekar who gave the award in 1980 which was called the

[Shri K. Mohanan]

Palekar Award. But the Award did not cover all the working journalists, part-time correspondents, apprentices and mon-journalists. Consequently the objective of the tribunal remained unachieved. According to the Palekar Award, the newspaper establishments and news agencies were bound to enforce the recommended scales of pay. But in order to avoid the enforcement, they terminated the services of all kinds of part-time journalists. And a unique method was adopted for terminating the services of the part-time correspondents. For example, the "Hindustan Times" group wrote to the part-time correspondents as follows:

"Y6u are hereby informed that the arrangement under which you filed newspaper reports and stories for our 'Hindustan Timss' Hindi daily is hereby terminated with immediate effect."

The 'Indian Express' wrote:

"We advise you that due to reorganisation of administration we terminate our arrangement with you as part-time coi respondent with effect from 31-3-80. We thank you for the interest you have shown hitherto. Please return Us your press pass bearing authority."

The 'Nav Bharat Times' wrote:

"You are working as liner for our 'Nav Bharat Times' and your principal avocation is not jouranalism. You are being paid for your contribution on a liner basis at the rate of Re. 1 per column inch of the news that is published in our newspaper. There has been negligible contribution from you and, therefore, you are requested to stop sending your reports."

These are the methods adopted by ihe newspaper establishments to evade from the recommendation of the Palekar Award. In this context I say that the part-time correspondents are not getting the benefits as per the recommendations of the Palekar Award. So, this should also be rectified through a separte legislation.

Another one the plight of the non-working journalists. The Working Journalists (Conditions of Service and Miscellaneous) to the non-working journalists employed in the newspapers. The Act is mainly meant for working journalists. However, though initially the Act was meant for working journalists, it was amended in 1974 and Section 13B was added empowering the Central Government to. constitute a Wage Board for the non-working journa, list newspaper employees. Though there is this power to constitute a Wage Board, there are no provisions made to give benefits to the non-working journalists. Even as per the recommendations of the Palekar Award it was not obligatory on the part of the newspaper establishments to implement the recommendations of the Palekar Award in relation to non-working journalists. So, in this case also an amendment to the original Act is necessary.

In view of this background I would appeal to the Minister that a comprehensive amendment Bill amending the Working Journalists and Other Newspaper Employees (Conditions of Service and Miscellaneous Provisions) Act. 1955 may be brought forward without and delay and in that case include the three amendments— one moved by Shri Dhabe on the floor of the House, second regarding part-time correspondents' service conditions and third for non-working journalist employees. With these words I conclude my speech.

SHRI R. MOHANARANGAM (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, our colleague and friend, Mr. Dhabe, has moved an amendment Bill with regard to the service conditions of working journalists and other newspaper employees. He has very clear ly mentioned about the time element ----------
especially an individual under the Industrial Disputes Act is totally barred from approaching labour courts to redress the grievance* of the employees of the newspapers and working journalists. And my friend over there has requested him and has gone to the .extent of asking him to withdraw the amendment Bill while another colleague of ours, Mr. Mohanan, supported entirely the amendment Bill moved by my colleague, Mr. Dhabe. As far as my position is concerned, Mr. Dhabe touched the last chapter of the working journalists and other newspaper employees Act, the life history of newspaper corres-

to the newspapers- he touched exactly the place where the employees, working journalists are employed, where they are dismissed or where they are discharged, where and how they are retrenched or how exactly they are to be terminated. Wh?.t exactly they have to do after their termination? That is what our colleague has pointed out and has moved a,n amendment asking to oppose that particular Bill giving an opportunity for the employee to straightaway go before the Labour Court and to get his grievance$_s$ redressed.

There are several grievances for working journalists and they have been clearly pointed out by my colleague, Shri Mohanan. As far as I am concerned, I have to say certain things with regard to newspaper journalists as well as other employees of newspaper industry.

My experience is that whenever I ask a journalist where he is working, with which paper h$_e$ is working, he will say that he is working with a paper called 'A'. After a lapse of six months, if you ask the same journalist where he i$_s$ working$_i$ he wil] t;ll you that he is working with som$_e$ other newspaper. Once I asked him as to why he is changing from one place to another so often. Do you know what he said? He said; I ^{am} searching for a better job, with better salary, with better working condtions, with better environment and better circumstances so that % can have a bette$_r$ standard of living. This is the real position of each working journalist and each newspaper employee. They have no security of job in their life. My friend Mr. Dhab$_e$ was concerned about what such a$_n$ employee or journalist can do, whether he or she can go straightway to the Labour CouTt or whether there is any other way in which he or she can get the grievances redressed.

My point is what i$_s$ the condition of service of a journalist even afte$_r$ he is appointed as such i$_n$ a newspaper office? Invariably he will be appointed as an apprentice or a part-time employee, though he will have to work for the full day. Though he will be asked to work throughout the day, h$_e$ will b© paid only on the basis of

My friend has referred to the Palekar Award. I am not going to ask the Minister or the officers to recommend anything on the basis of the Palekar Award simply beause the Palekar Award was based on the conditions and circumstances prevailing ten years before. Palekar submitted hi$_s$ report after taking into consideration the situation prevailing ten years before. Even Palekar Award based on conditions prevailing long ago, some of the newspapers have not implemented.

This amending Bill moved by my friend says that a journalist newspaper employee, after termination of his service, should be enabled to approach the Labour Court. What I have to say is about part-time correspondents and reporters who are working in rural areas whose plight is worse than their counterparts posted in urban areas. Part-time correspondents and reporters in urban areas ca$_n$ somehow manage to enter into some department or somehow tackle their problems after termination. But part-time correspondents and reporters working in rural areas are not *i$_n$* a position to live with a minimum standard of living even. For their sake, the Act has to be amended and I would suggest that such part-time correspondents and reporters, once they work for six months, should be automatically treated as full-time employees of the organisation. I think my friend Mr. Razi knows that this problem was discussed in this House sometime back when it was revealed how dangerous their job is. More than half a dozen reporters were murdered and this was discussed on the floor of tlfis House a year back.

I know how part-time icporters are appointed to report about sports and horseraces in Guindy. These reporters have to work for 18 hours sometime continuously getting only part-time salary. I do not t h i n k they are even served with showcause notices before dismissal. You know that we hav$_e$ to give a minimum of three months' notice before dismissing any of our employees. They do not 4 P.M. state the reasons for

[Shri R. Mohanarangam]

their services are terminated. With regaid to the part-time workers or employees, they are not given this much of advantage and they are not given notices in advance and they are not given to understand as to what exactly the reasons are for which their services are terminated. There is no written appointment order also and there is no mention about the apprenticeship of the working journalists and the other newspaper employees. With regaid to the categorisation also, Sir, I have to say something. There are categories like editors, sub-editors, news editors and so on. A news editor will be asked to look after the work of an editor whereas he would be the salary of a news editor only. All these things that arc there in the categorisation will have to be taken into consideiation. The condition of these working journalists and the other newspaper employees such that the entire Government, not only the Labour Minister, the entire Cabinet must take the full responsibility for taking care of the problems of these people, especially because the condition of the working journalists and the other newspaper employees is very very poor and is not comparable with the condition of even the Class IV employees of the Government, Central or State.

With these words, Sir, I would only request my honourable friend, Shri Dhabe, to withdraw this Bill. Not that we are not interested in the welfare of the ing journalists and the newspaper employees. We are interested in their welfare and in the improvement of the working conditions of the working journalists and the newspaper employees. To that ex-tcat t support the Bill. Thank you. Sir.

SHRI KAMALENDU BHATTACHARJEE'(Assam): Mr Vice-Chairman. Sir. 1 stand heie to speak something the proposed amendment the Working Journalists and Other Newspapers Employees (Condition of Service) and Miscellaneous Provisions Act, 1955.

Mr. Vice-Chairman, Sir. we all know that it is a matter of common knowledge. and it would be admitted on all hands. that the big business tycoons who run most of Ihe newspapers all over the country are minting money. They are minting a huge amount of money. But at whose cost? The working journalists and other categories of workers in the newspapers all over India, with their brilliant academic career and with their inspiration and perspiration, help these newspaper people in earning money, but they are getting nothing. Their interests are not looked after at all. The big business tycoons exploit them and make them work beyond the normal limit and these people who work for earning their bread, for getting two square meals a day, have to work very hard and they have to work very late also. In my area. I have seen, they have to report at 7 o'clock in the morning and they have to work till late in the night. For whose benefit? At a lamentably poor rate they are paid and they do not get anything. As far as the reporters are concerned, they have to report as the owners of the newspapers want them to report. As we all know, the owners in most of the cases are the rich people ad these reporters have tO report as the owners want them to report. If they make a point out of it and if they want to report as they want to report, they never get a chance and if they have any opinion on a particular subject, they are never allowed to freely ex-presg that point and they are, I amconstrained to say,always to dance to-the tunes of the owners only. These are the people who always' try to report the various maladies which are there in the society, the various incidents that take place in the country, and these are the people who try to make the most of their calibre and these aTe the people who want to write the correct things in the newspapers. But these big business people, who are actually running the newspapers, never allow them to d_0 so.

Now, Sir, a_s lar as I understand, in the case of the Industrial Disputes Act of 1947, any dispute or any matter connected with that has got to be referred to a labour court for adjudication only by the appropriate authority which means that the working journalists and others do not have any right or privilege to approach directly a labour court aeainst any order of dismis.

sal, discharge, removal, etc. by the newspaper employer. You see under what pitiable condition the working journalists and other associated workers have to work. Actualy they do not cet any benefit and they spend most their valuable time just for depictrjig a true picture of what is happening all round the society. But actual, ly they do not quite get anything out of that.

So I would like to support the amendment. But 1 want that it should be more comprehensive and more foolproof so that it can improve and steadily ameliorate the standards of the working journalists.

With these words, I conclude. Thank you. Sir

श्री अश्विनी कुमार (बिहार) : श्रीमन्, आज हमारे माननीय सदस्य, श्री धाबे जी, ने एक बिल रखा है कि जो समाचार-पत्रों में काम करने वाले लोग हैं, उनको कुछ सुविधाएं दी जाएं ।

हम सब जानते हैं कि प्रजातंत्र के अंदर चार पाये मानते हैं, विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और चौथा प्रैस है । चारों के अंदर कोई भी एक पाया कमजोर होगा, जो प्रजातंत्र का ढांचा चार पैर के ऊपर नहीं चलेगा, चरमरा जाएगा । एक टांग नीची होने से चारपाई या टेबल डगमग करता रहेगा और आज देखने में क्या आता है कि कार्यपालिका के पास कितनी शक्तियां है, कितना उनमें काम करने वालों को धन मिलता है, यह कोई छिपा हुआ नहीं है । एक अपरिमित शक्ति उनके पास है । विधायिका के पास भी शक्ति है, चाहे जैसे कानून बनाते हैं । न्यायपालिका में भी लोगों को कुछ दो जून भोजन करने का समय मिलता है, पर जर्नलिज्म के अंदर पत्रकारिता जगत में आते हैं, उनमें से अधिकांश व्यक्ति जीवन में कुछ भावनाओं से प्रेरित, साहित्यक वृत्ति के लोग होते हैं, जो जान-बूझ कर कंटक मार्ग को अपनाते हैं कि इसमें तो कष्ट ही कष्ट हैं, पर फिर भी इसमें आते हैं, देश भक्ति की प्रेरणा से आते हैं कि हमको समाज में जो चीजें छिपी हुई हैं, उनको उजागर करके जनता के सामने लाना है । परन्तु उनकी दो जून भोजन की व्यवस्था होती है क्या ? किन्ही बड़े पत्रों के ऊपर जिनकी कि एक सीमित सर्कुलेशन से ज्यादा सं० है, उनके ऊपर पैलेकर अवार्ड लागू किये गये हैं, थोड़ा बहुत उनको वहां पर दो जून भोजन की व्यवस्था और कुछ नौकरी का स्थायित्व आया है, परन्तु मैं आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा कि उन पत्रकारों के अलावा दो और समाचार-पत्रों के बड़े महत्वपूर्ण अंग हैं, एक अंग है जो प्रस को चलाते हैं । उसके अंदर सारे प्रकार के कार्य करने वाले इम्पलायजीज हैं, प्रैस से लेकर वह पत्रकार के पास तक सारी चीजों को ले जाने, पहुंचाने का काम करते हैं, मशीन चलाते हैं ।

दूसरे हैं जो ताल्लुका में, जिले में बैठे हुए उनके पार्ट-टाइम कोरेस्पांडेंट हैं । वास्तव में जो प्रांतीय केन्द्र होते हैं, बड़े महत्व के शहर होते हैं, उनके अंदर समाचार-पत्र पूर्ण समय, पूर्णकालिक अपना एक प्रतिनिधि रखते हैं । उसकी कुछ आमदनी भी होती है, उनको नौकरी की तनख्वाह भी मिलती है, कुछ अन्य सुविधाएं भी प्राप्त होती हैं, पर जो जिला और ताल्लुका स्थान पर रहते हैं जहां भारत की जनता रहती है, आम आदमी जहां रहता है, जहां से समाचार आते हैं, वहां पर कौन होता है, कोई प्रोफैसर है, कोई वकील है, कोई और इस प्रकार का सोशल वर्कर है, जोकि पार्ट-टाइम जर्न-

[श्री अश्विनी कुमार]

लिस्ट का काक करते हैं। वह घूमता-फिरता है और समाचार भेजता है और कई बार जो वहां के शासनकर्ता हैं, वहां के पुलिस और इंसपैक्टर होता है, एस० पी० होता है, डी० एम० होता है, वहां की सत्ताधारी दल का जो एम० एल० ए० या एम० पी० होता है, उनके भ्रष्टाचार के खिलाफ वह कभी-कभी आवाज भी उठाते हैं, जो आज तरण भ्रष्टाचार हो रहा है। हम जानते हैं कि सदन के अंदर कई बार चर्चा होती है, लाखों-करोड़ों रुपया जो यहां से जनहित के लिए जाता है, वह किस प्रकार से इधर से उधर जाता है, जब उनके समाचार वह पत्रकार भेजते हैं, तो उनको धमकियां जो जाती हैं--खबरदार, अगर तुमने ऐसे समाचार-पत्र छापे।

तो मुझे पता है और मैंने इसी सदन में एक चर्चा भी रखी थी, बिहार के अंदर मुजफ्फरपुर में एक समाचार-पत्र प्रतिनिधि ने अपना समाचार रखा। वह शायद वहां के जो सत्ताधारी लोग हैं, उनको पसंद नहीं आया। समाचार छपने के 44 घंटे के अंदर रात को नौ बजे जब वह एक होटल, में खाना खा रहा था, तो मार-मार कर के उसे अधमरा कर दिया गया। इस प्रकार की एक नहीं, अनेक घटनाएं होती हैं।

पिछले साल उड़ीसा में एक महिला पत्रकार थी, उसने कुछ खबर ऐसी छापी ऐसी भेजी जो कि सत्ताधारी दल के अनुकूल नहीं थी। उस के ऊपर बलात्कार किया गया, उस को मार डाला गया। ये खबरें छपी हैं और आप सब ने देखी हैं। इस की ओर सरकार का ध्यान देना चाहिये। अगर सरकार चाहती है कि जो समाज के अन्दर घटनाएं हो रही हैं वे समाचारपत्रों के माध्यम से सरकार के सामने आएं तो उन्हें आवश्यक सुविधाएं देनी चाहिएं। अगर ये खबरें नहीं मिलेंगी तो सरकार काम नहीं कर सकेगी। इमरजेंसी के समय समाचारों के ऊपर प्रतिबन्ध लगा दिया गया था। बहुत सी खबरें आती ही नहीं थीं। बाद में लोगों ने स्वीकार किया कि हमें खबरें नहीं मिलती थीं। प्रजातंत्र को अगर चलाना है तो जो जिले के अन्दर, सब-डिवीजन के अन्दर घटनाएं हो रही हैं उन का सही प्रतिबिम्ब सरकार के पास आना चाहिए। सरकार को सुचारु रूप से चलाने के लिये यह अत्यन्त महत्वपूर्ण है। बहुत से समाचार पत्र पोस्टेज का खर्चा दे देते हैं, बहुत से 10,20,50 रुपए महीना दे देते हैं समाचार भेजने वालों को। जैसा इस में बतलाया गया है, उन की सर्विस कन्डीशन्स ठीक हों, उन को सुविधाएं प्रदान की जाएं। अभी-अभी हमने देखा कि 'समाचार भारती' और 'हिन्दुस्तान समाचार' ये दो भाषायी समितियां हैं --में क्या हो रहा है। महीनों से उन के कर्मचारियों को दिल्ली के आफिस में तनख्वाह नहीं मिली है पटना आफिस में नहीं मिली है : हमारे भाषायी समाचार--पत्रों को समाचार देने वाली ये एजेंसियां हैं, इन के लोगों को तनख्वाह नहीं मिल रही है, पार्ट-टाइम कारेस्पोंडेंटस के बारे में सरकार क्या करेगी। इस सदन में चर्चा हुई है 'समाचार भारती' और 'हिन्दुस्तान समाचार' के संबंध में। मेरा निवेदन है कि सरकार को यह सुविधा प्रदान करनी चाहिये कि किसी पत्रकार के ऊपर अन्याय होता है तो वह लेबर कोर्ट में जा सके, न्यायालय की शरण ले सके। अब 'हिन्दुस्तान समाचार' की को-आपरेटिव सोसाइटी थी, सरकार ने उसे स्वंय ग्रहण कर लिया और सरकार के अधीन चल रही है। सरकार ने उसे चलाने की जिम्मेदारी ली है, अपना एडमिनिस्ट्रेरट

एपोइण्ट किया है । इस पर भी एम्प्लाइज को तनख्वाह नहीं मिलती तो कैसा चलेगा। 'हिन्दुस्तान समाचार' और 'समाचार भारती' के संवाददाता भूखों मर रहे हैं, 18-18 महीने से तनख्वाह नहीं मिल रही है, दस-पन्द्रह साल की नौकरी है, इसी आशा से काम कर रहे हैं कि शायद मिल जायगी । पत्रकार जगत में रह गये, इसलिए बेचारे पड़े हैं । मैंने पूछा तुम को अठारह महीने से तनख्वाह नहीं मिली, काम कैसे कर रहे हो । उन्होंने कहा हम कहां जाएं, हम ने जवानी के पन्द्रह-बीस साल इस में लगा दिये, अब जाएं तो कहां जाएं, इस लिए इसी में लगे हैं, सरकार कभी तो देखेगी कि कितने महत्वपूर्ण अंग हैं । मैं आप के माध्यम से मंत्री महोदय का, सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करना चाहूंगा और चाहूंगा कि इन चीजों के बारे में सरकार ध्यान दे और इन की जो सर्विस कंडीशन्स हैं उन को सुधारे । उन के साथ जो अन्याय होता है — छोड़े पत्रकारों को छोड़ दीजिये, 'समाचार भारती' और 'हिन्दुस्तान समाचार' के लोगों के साथ जो अन्याय हो रहा है——उस की कोई सुनवाई नहीं होती । सरकार ढाबे जी का बिल इस लिए स्वीकार न करे क्योंकि वह विरोध पक्ष से आया है, परन्तु मैं सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि कोई चीज हमारी तरफ से आई है, वह अच्छी है तो उसे स्वीकार करने से उसका बड़प्पन बढ़ेगा । हमारे अन्य मित्र जो कांग्रेस की तरफ से बोले हैं उन्होंने इस भावना को स्वीकार किया है, वह कहते हैं कि पत्रकारों के साथ अन्याय हो रहा है, उन की कंडीशन अच्छी होनी चाहिए, परन्तु कहते हैं ढाबे जी का बिल नहीं पास होना चाहिए । मैं तो यही कहूंगा कि सरकार यह स्वीकार कर ले तो उस का बड़प्पन होगा क्योंकि यह बात ठीक है । लेबर मिनिस्टर बैठे हैं, मैं जानता हूं कि वह बहुत अच्छे व्यक्ति हैं, लेबर के बारे में कुछ सोचते हैं, उन की लेबर के साथ सहानुभूति है, वह भी दिल पर हाथ रख कर सोचेंगे तो यही कहेंगे कि पत्रकारों के लिए कुछ नहीं हो रहा है, कुछ करना चाहिए । शायद उन की मजबूरियां हों । मैं यही कहना चाहता हूं कि सदन की भावना को ध्यान में रखते, हम सब लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस इस को स्वीकार करें। इस में इतना ही कहा गया है कि लेबर कोर्ट में आने की अनुमति दी जाए ।

साथ साथ जो नहीं होता है और जो कंपेशन है जैसे इंडस्ट्रियल लेबर को कंपेसेशन मिलता है उसी प्रकार की व्यवस्था इन के लिये भी की जाय । इस लिये मैं समझता हूं कि इस में संशोधन आना चाहिए कि उन को सर्विस कंडिशनस जो हैं—जैसे 'समाचार भारती' के लोगों के साथ अन्याय हो रहा है वह नहीं होना चाहिए और इस लिये उन को सर्विस कंडिशन्स ठीक की जाय उन के जरनलिस्टों को सुविधायें मिलें और जो पार्ट टाइम जरनलिस्ट है जो दूर दराज देहातों और जिलों में, कस्बों में रहते हैं, जो गांवों तक फैले हुए है जिन का हाथ सारे ग्रामीण भारत की नब्ज पर है उन के लिये विशेष सुविधायें प्रदान की जायें। और अंत में मैं सरकार से इतना ही निवेदन करना चाहता हूं कि जिस प्रकार से हम ने सारे काम करने वालों को सुविधायें दी है उन की सर्विस कंडिशन्स में सुधार किया है चाहे वे पब्लिक सेक्टर में हों या प्राइवेट सेक्टर में हों या कोआपरेटिव सेक्टर में हों जिस तरह से उनके लिये सरकार ने अंकुश लगा रखा है कि उन को सुविधायें मिलती रहें उसी प्रकार से सरकार से मैं आग्रह करूंगा कि सरकार इस की और भी ध्यान दे और

[श्री प्रेमचन्द कुमार]

पहले एवार्ड में जो कमियां रह गयी हैं, उस में जो लोग नहीं आ पाये हैं उन के लिये उचित व्यवस्था की जाय और जो छोटे पत्रकार हैं उन की कंडीशन को सुधारने का प्रयास किया जाय। इन शब्दों के साथ मैं धावे जी के बिल का समर्थन करता हूं और आप के माध्यम से श्रम मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वे इस को स्वीकार करें और हमारे पत्रकार भाइयों को जिन्दगी के विकास में और उस को सुधारने में सहयोग प्रदान करें।

डा० मोहम्मद हाशिम किदवई: (उत्तर प्रदेश): जनाब वाइस-चेयरमैन साहब, और आनरेबिल मेम्बरान, सब से पहले इस मामले पर दो रायें नहीं हो सकती कि जहां तक हमारी प्रेस का ताल्लुक है इस की अहमियत अपनी जगह पर है। हमें फख्र है कि हमारा मुल्क दूनिया की सब से बड़ी पार्लियामेंटरी डिमोक्रेसी है और यह भी सही है कि प्रेस फोर्थ स्टेट है और एक डेमोक्रेसी को मजबूत करने के और इस मुल्क को आगे बढ़ाने के लिये इस को जरूरत है कि प्रेस पूरे तौर से फ्री हो। इस सिलसिले में हमारे वर्किंग जरनलिस्ट की जो हालत है वह अपनी जगह पर इस में कोई दो रायें नहीं हो सकती कि उन के साथ बड़ा जुल्म और ज्यादती हो रही है। सब से ज्यादा जरूरत इस बात की है कि उन की सर्विस कंडिशन्स को बेहतर बनाया जाय और इस के लिये ज्यादा से ज्यादा कदम उठाये जायें और इसी सिलसिले में अगर यह कहा जाय तो बात गलत नहीं होगी कि बदकिस्मती से हमारे मुल्क में मोनोपोली प्रेस का जो रूल है वह कंडम किये जाने के काबिल है। जिस तरह से हमारे प्रेस के बैरन्स अपने इंप्लाईज के साथ बर्ताव करते हैं वह किसी तरह से भी एक डेमोक्रेसी में सूट नहीं करता। और इसी लये मेरा कहना यह है कि पूरी कोशिश होनी चाहिए कि प्रेस बैरन्स की पावर्स को और उन के घपले को खत्म किया जाय और बन्द किया जाय।

जो बिल इस वक्त पेश किया गया है उस के ऐम्स ऐंड आब्जेक्टस से किसी को एख्तिलाफ नहीं है। लेकिन यह कहना जरूरी है कि इस बिल में बहुत सी ऐसी चीजें है कि जो और होनी चाहिये थी और इसमें नहीं लायी गयी हैं। मेरे ख्याल में ज्यादा जरूरत इस बात की है कि एक काम्प्रेहेंसिव बिल हमारे लेबर मिनिस्टर साहब की तरफ से पेश हो जिस में प्रेस की और वर्किंग जरनलिस्ट की तमाम प्राबलम्स को सामने रखा जाय। जहां तक लेबर कोर्ट की बात है उस से किसी को एख्तिलाफ नहीं है। लेकिन इस सिलसिले में एक चीज की तरफ मैं आप की तवज्जेह दिलाना चाहता हूं। हमारे बहुत से वर्किंग जरनलिस्ट ऐसे हैं कि उन के पास इतना पैसा भी नहीं है कि अगर उन के साथ कोई ज्यादती की गयी हो तो वे लेबर कोर्ट के खर्चे को बर्दास्त कर सकें। लिहाजा ऐसा प्राविजन होना चाहिए कि और किसी वर्किंग जरनलिस्ट के साथ ज्यादती हुई है तो वह भी अपना केस लेबर कोर्ट में ले जा सके। तो मेरे ख्याल में इस किस्म का प्राविजन भी जरूर होना चाहिए और जहां तक यह सब बातें कही गयी हैं कि जो वर्किंग जरनलिस्टों की वर्किंग कंडिशन और सर्विस कंडिशन के बारे में तो इस में कोई दो रायें नहीं हो सकती कि उन चीजों को दुरुस्त किया जाना चाहिए। उनकी सेवाओं को और बेहतर बनाना चाहिए क्योंकि जो लोग प्रैस में काम करते हैं वह असल में नेशनल सर्विस करते हैं। इसलिए हमारा, आपका और सबका फर्ज है कि हम उनकी पूरी मदद करें।

इन लफ्जों के साथ मैं समझता हूं कि वह बिल जिस मकसद से पेश किया गया है, उससे कोई इख्तलाफ नहीं करेगा

लेकिन अच्छा हो अगर इस बिल को ज्यादा कांप्रिहैंसिव बनाया जाए। मसलन इस बिल में यह प्राविजन कराया जाए कि जो वर्किंग जर्नलिस्ट्स हैं उनको सेक्यूरिटी आफ लाइफ मिले क्योंकि वर्किंग जर्नलिस्ट्स की पोजिशन यह है कि उनकी मिसाल इससे दी जा सकती है कि वह रोज कुआं खोदते हैं और पानी उनको मिलता है, मतलब यह है कि उनको कोई सेक्यूरिटी नहीं है। तो कोशिश यह होनी चाहिए कि उनको सेक्यूरिटी हो ताकि वह सही ढंग से अपना सारा काम अंजाम दे सकें।

†[ڈاکٹر محمد عالم قدوئی

(اتر پردیش): جناب وائس چیئرمین صاحب اور آنریبل ممبران - سب سے پہلے اس معاملے پر دو رائے نہیں ہو سکتیں کہ جہاں تک ہماری پریس کا تعلق ہے اسکی اہمیت اپنی جگہ پر ہے - ممیں فخر ہے کہ ہمارا ملک دنیا کی سب سے بڑی پارلیمنٹری ڈیموکریسی ہے اور یہ بھی صحیح ہے کہ پریس فورتھ اسٹیٹ ہے - اور ڈیموکریسی کو مضبوط کرنے کے لئے اور اس ملک کو آگے بڑھانے کیلئے اسکی ضرورت ہے کہ پریس پورے طور سے فری ہو - اس سلسلے میں ہماری ورکنگ جرنلسٹ کی جو حالت ہے وہ اپنی جگہ پر اسمیں کوئی دو رائے نہیں ہو سکتیں کہ انکے ساتھ بڑا ظلم اور زیادتی ہو رہی ہے - سب سے زیادہ ضرورت اس بات کی ہے کہ انکی سروس کنڈیشنس کو بہتر بنایا جائے اور اسکے لئے زیادہ سے زیادہ قدم اٹھائے جائیں - اور اسی سلسلے میں اگر یہ کہا جائے تو بات غلط نہیں ہوگی کہ بدقسمتی سے ہمارے ملک میں مونوپلی پریس کا جو رول ہے وہ کنڈم کئے جانے کے قابل ہے - جسطرح سے ہمارے پریس کے بیرنس اپنے امپلائز کے ساتھ برتاؤ کرتے ہیں وہ کسی طرح سے بھی ایک ڈیموکریسی میں سوٹ نہیں کرتا - اور اسی لئے میرا کہنا یہ ہے کہ پوری کوشش ہونی چاہئے کہ پریس بیرنس کی پاورس کو اور انکے کھیلے کو ختم کیا جائے -

جو بل اس وقت پیش کیا گیا ہے اسکے ایمس اینڈ اوبجیکٹس سے کسی کو اختلاف نہیں ہے - لیکن یہ کہنا ضروری ہے کہ اس بل میں بہت سی چیزیں ایسی ہیں کہ جو اور ہونی چاہئیں - اور اس میں نہیں لائی گئی ہیں - میرے خیال میں زیادہ ضرورت اس بات کی ہے کہ ایک کا سپریہینسیو بل ہمارے لیبر منسٹر صاحب کی طرف سے پیش ہو جسمیں پریس کی اور ورکنگ جرنلسٹس کی تمام پرابلمس کو سامنے رکھا جائے - جہانتک لیبر کورٹ کی بات ہے اس سے کسی کو اختلاف نہیں ہے - لیکن اس سلسلہ میں ایک چیز کی طرف میں آپکی توجہ دلانا چاہتا ہوں - ہمارے بہت سے ورکنگ جرنلسٹس ہیں کہ انکے

†[]Translation in Arabic script.

[ڈاکٹر محمد هاشم قدوائی]

انکے ساتھ کوئی زیادتی کی گئی هو تو وہ اپیر کورٹ کے خرچے کو برداشت کر سکیں - لہذا ایسا پراوژن هونا چاهئے کہ اگر کسی ورکنگ جرنلسٹ کے ساتھ زیادتی هوئی هے تو وہ بھی اپنا کیس اپیر کورٹ میں لے جا سکے - تو میرے خیال میں اس قسم کا پراویژن بھی ضرور هونا چاهئے اور جہاں تک یہ سب باتیں کہی گئی هیں کہ جو ورکنگ جرنلسٹوں کی ورکنگ کنڈیشن اور سروس کنڈیشن کے بارے میں تو اسمیں کوئی دو رائے نہیں هو سکتیں کہ ان چیزوں کو درست کیا جانا چاهئے - انکی سیواؤں کو اور بہتر بنانا چاهئے - کیونکہ جو لوگ پریس میں کام کرتے هیں وہ اصل میں نیشنل سروس کرتے هیں اسلئے همارا یہ اور سبکا فرض هے کہ هم انکی پوری مدد کریں -

ان الفاظوں کے ساتھ میں سمجھتا هوں کہ یہ بل جس مقصد سے پیش کیا گیا هے اس سے کوئی اختلاف نہیں کرے گا - لیکن اچھا هو اگر اس بل کو اور زیادہ کامپریهینسیو بنایا جائے - مثلاً اس بل میں یہ پراویژن کرایا جائے کہ جو ورکنگ جرنلسٹ هیں انکو سیکیوریٹی آف لائف ملے کیونکہ ورکنگ جرنلسٹس کی پوزیشن یہ هے کہ انکی مثال اس سے دیکھا سکتی هے کہ وہ روز کنوار کھودتے هیں اور پانی انکو ملتا هے مطلب یہ هے کہ انکو کوئی سیکیوریٹی نہیں هے تو کوشش یہ هونی چاهئے کہ انکی سیکیوریٹی هو تاکہ وہ صحیح ڈھنگ سے اپنا سارا کام انجام دے سکیں -]

श्री हुक्मदेव नारायण यादव (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, धाबे जी ने जो विधेयक पेश किया है वह जिस रूप में है उसका मैं भी समर्थन करता हूं । और भी कई माननीय सदस्यों ने उस पर अपनी राय रखी है कि इस विधेयक का स्वरूप और व्यापक होना चाहिए । तो अच्छा तो यह होता कि सरकार की ओर से यदि यह आश्वासन उन्हें दे दिया जाता कि सरकार ही कोई व्यापक विधेयक इस सम्बन्ध में लायेगी तो माननीय सदस्य इसको वापस ले लेते तो कोई हर्जा नहीं होता । लेकिन सरकार के जरिये यह कहा जाएगा कि सरकार इस पर सोचेगी और अच्छे ढंग से सोच-समझकर कोई व्यापक विधेयक लायेगी, सरकार पत्रकारों की कठिनाइयों को दूर करने की दिशा में कदम उठायेगी ।

श्रीमन्, अभी अश्विनी कुमार जी बोल रहे थे उन्होंने 'समाचार भारती' का जिक्र किया । हम लोग इस मामले को उठाते रहे, लेकिन इस बात से भी दुख हुआ कि हिन्दुस्तान में न केवल हिन्दी बल्कि हिन्दुस्तानी भाषाओं में जितनी ऐजेन्सियां हैं या समाचारपत्र हैं, उनको चलाने वाले हैं, उनकी काफी दुर्गति होती रहती है और अंग्रेजी भाषा में जो समाचारपत्र चलते हैं, उनकी समाचार ऐजेन्सियां चलती हैं, उनको मान लिया जाता है कि ये अंतर्राष्ट्रीय भाषा के ज्ञान के समुद्र हैं, इसलिए अंग्रेजी भाषा को ज्ञान का भंडार और अंतर्राष्ट्रीय भाषा, संपर्क भाषा मान लिये जाने के कारण उनके ऊपर सरकार ज्यादा

ध्यान रखती है। और भी कई तरह की सुविधायें उनको दी जाती हैं। लेकिन हिन्दुस्तान की जो हिन्दुस्तानी भाषायें हैं, इस देश की राष्ट्रभाषा, हिन्दी है और बहुत बड़े इलाके की मातृ भाषा भी है, राष्ट्रभाषा राजभाषा चाहे जो भाषा कहिए, सब भाषा के रूप में इसके लिए जो विकास किया जाना चाहिए, इसके पत्रकारों को ज्यादा से ज्यादा सुविधायें दी जायें, इन बातों पर कोई ध्यान ही नहीं दिया जाता।

श्रीमन्, गांवों में जो पत्रकार लोग हैं, जो वहां से समाचार भेजने का काम करते हैं, जो गांवों में लगे हुए हैं, वहां भी उन लोगों के ऊपर सरकार का कोई ध्यान नहीं रहता। बहुत अच्छे से अच्छे पढ़े-लिखे लोग, जानकार लोगों को रखना चाहिए और जब उनको अधिक सुविधायें मिलेंगी तो अच्छे लोग वहां रहेंगे। अगर सुविधा नहीं मिलेगी और उनकी सेवायें ठीक ढंग से नहीं चलाई जायेंगी तो उनको भी यही माना जाएगा कि ये भी कोई आदमी लोग हैं, ऐसा अगर मान लिया जाता है तो वे गलत ढंग से काम करने लगते हैं या अपने काम में दिलचस्पी नहीं लेते, या उनमें ऐसे लोग भी चले आते हैं जिनको पत्रकारिता का ज्ञान नहीं। जहां पत्रकारिता से देश बनता है वहां कुछ बातें ऐसी भी होती हैं जो मनोरंजन का साधन होती हैं, ऐसे पत्रकार होते हैं जो मनोरंजक होते हैं, जिनको कोई ज्ञान ही नहीं होता। श्रीमन्, कल एक सज्जन मुझे पढ़ा रहे थे मेरे फ्लेट में।

श्रीमन्, इस का नाम युवा सन्देश है या युवक सन्देश है, पता नहीं क्या सही नाम है, लेकिन मैंने देखा कि उसमें लोकदल के बारे में जो कुछ लिया है उस लिखने वाले ने, प्रेस वाले ने उसमें लिखा है कि लोकदल में राज्य सभा के नेता के पद पर श्री श्याम नन्दन मिश्र जी थे और उनको चुनाव में राज्य सभा का टिकट नहीं दिया गया इसलिए वह दल को छोड़कर चले गए। मैं देखता हूं जिनको पत्रकारिता का ज्ञान नहीं वह लिखते हैं कि श्याम नन्दन मिश्र जी लोकदल के राज्य सभा के सदस्य थे। राज्य सभा में तो वह कभी नहीं आये। 1977 में वह लोक सभा के सदस्य थे। उसके बाद वह राज्य सभा में कभी भी नहीं आए। तो ऐसे लोग जो चले आते हैं, जिनको इतना भी ज्ञान नहीं रहता कि पंडित श्याम नन्दन मिश्र जैसे आदमी को लिख देते हैं कि वे लोक दल के राज्य सभा के नेता थे। यह भी उनको पता नहीं। मैं इसलिए इन बातों को उठाता हूं क्योंकि जब सुविधाएं अच्छी नहीं हैं, उनके लिए व्यवस्थाएं अच्छी नहीं हैं तो अच्छे जानकार लोग, अच्छे प्रशिक्षित लोग इस दिशा में आते नहीं हैं। मुझे लगता है कि कुछ ऐसे लोगों को अखबार चलाने वाले मालिक लोग रख लेते हैं जैसे मजदूरों को तनख्वाह दी जाती है, उसी तरह से रख लेते हैं जिससे जो चाहे वह करवा लेते हैं। सरकार को इस दिशा में कदम उठाना चाहिये। ठीक बात है स्वतंत्र विचार आने चाहिये और अखबारों के माध्यम से स्वतंत्र विचार आते हैं। लोकतंत्र में सत्य कहने का ही लोगों को अधिकार नहीं है बल्कि लोगों को झूठ बोलने का भी उतना ही अधिकार है जितना की सत्य बोलने का। लोकतंत्र में जब सत्य बोलने का अधिकार स्वीकारा गया है तो असत्य भी वह बोल सकता है और उतनी ही ताकत के साथ बोल सकता है जितना ताकत के साथ वह सत्य बोल सकता है। लोगों का काम है सत्य और असत्य को जानें। लोगों को लोकतंत्र में असत्य कहने से रोका नहीं जा सकता। कई अखबार वाले किसी के ऊपर असत्य ही आरोप लगाते हैं। उनका काम है उसको सत्य सिद्ध करें, फिर घबराना नहीं चाहिये। ज्यादातर लोग घबराते हैं इसमें। मेरी यह प्रार्थना है कि

[श्री हुक्मदेव नारायण यादव]

